# BHDAE- 182 (सी.बी.सी.एस.)
# Ability Enhancement Compulsory Course- 1

## सत्रीय कार्य
(जनवरी, 2023 तथा जुलाई 2023 के द्वितीय सेमेस्टर के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.ए.ई–182
हिंदी भाषा और संप्रेषण

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम–02
## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : / बी.एच.डी.ए.ई–182**

प्रिय छात्र/छात्राओ!
हिंदी भाषा और संप्रेषण से संबंधित व्यवहार मूलक पाठ्यक्रम में आपको एक सत्रीय कार्य करना है। यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किये गये हैं।

**उद्देश्य :** सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। उद्देश्य यह भी है कि अध्ययन के दौरान जो कुछ आपने सीखा और समझा है उसे आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें। इस पाठ्यक्रम में आपको हिंदी भाषा और संप्रेषण का व्यवहारिक ज्ञान कराया गया है। सत्रीय कार्य में हमने अधिकांश प्रश्न ऐसे दिए हैं, जिनसे फीचर लेखन से संबंद्ध आपकी कुशलता की जाँच हो सके। इससे आपको फीचर लेखन में अपनी क्षमता का विकास करने में मदद मिलेगी तथा जाँचे हुए सत्रीय कार्यों से आप अपनी त्रुटियों और कमजोरियों को पहचान सकेंगे और उन्हें दूर कर सत्रांत परीक्षा में बेहतर परिणाम पा सकेंगे।

**निर्देश :** सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1. ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए विस्तृत निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए।
2. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
3. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख कीजिए।
4. उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा :

---

अनुक्रमांक : ........................................................
नाम : ...................................................................
पता : ...................................................................
...................................................................
...................................................................

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ..................................................
सत्रीय कार्य कोड : ..............................................................
अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ..........................................

दिनांक : ........................................................

---

5. उत्तर के लिए केवल फुलस्केप के आकार के कागज़ का इस्तेमाल करें और उन कागज़ों को अच्छी तरह से बाँध लें।
6. प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें और अपनी ही लिखावट में उत्तर दें।
7. सत्रीय कार्य पूरा करके जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक (Coordinator) के पास निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।

**सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि :**

**जनवरी 2023** सत्र के लिए : **30 अक्टुबर, 2023**
**जुलाई 2023** सत्र के लिए : **31 अप्रैल, 2024**

## सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

सत्रीय कार्य में आपसे मुख्य रूप से दो तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। हिंदी भाषा और संप्रेषण से संबंधित प्रश्न।

उत्तर देने के लिए आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा :

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में सभी खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास** : अपने उत्तर का प्रारूप लिखने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार का विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए। व्यवहारिक लेखन से संबंधित प्रश्नों को करने के लिए इकाइयों को पढ़ने के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाले फीचर लेखों का अध्ययन करें। इनसे आपको सत्रीय कार्य करने में मदद मिलेगी।

**यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :**

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (Paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा जो आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो।
घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

1. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसको साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप ज़ोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

2. **विशेष** : अपने उत्तर की फ़ोटो प्रति/कार्बन प्रति अपने पास अवश्य रखें।

शुभकामनाओं सहित!

**नोट :** याद रखें कि विश्वविद्यालय के नए नियमानुसार परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सत्रीय कार्य
# (संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित)

**पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.ए.ई–182**
**सत्रीय कार्य कोड : बी.एच.डी.ए.ई–182 / 2023**
**कुल अंक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

## खंड – क

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 800 शब्दों में दीजिए : 20× 2=40**

1. भाषा के स्वरूप और प्रकृति पर प्रकाश डालिए।

   **अथवा**

   वर्ण–विचार क्या है? इसे स्पष्ट करते हुए वर्ण लिखने की रीति पर प्रकाश डालिए।

2. व्यंजन का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए उच्चारण स्थान के आधार पर व्यंजन के भेदों का परिचय दीजिए।

   **अथवा**

   स्वर वर्णों की विशेषताएँ बताते हुए व्यंजन वर्णों से तुलना कीजिए।

## खंड –ख

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए : 10×4=40**

3. भाषा के विविध रूपों से आप क्या समझते / समझती हैं? सोदाहरण उत्तर देते हुए प्रयोग के आधार पर भाषा के विभिन्न रूपों का परिचय दीजिए।

4. शब्दों में अ–लोप की स्थिति को सोदाहरण समझाइए।

5. 'कारक एवं विभक्ति' पर प्रकाश डालते हुए इनका अंतर स्पष्ट कीजिए।

6. अव्यय (अविकारी शब्द) और उसके प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

## खंड –ग

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में दीजिए : 5×4=20**

7. पदक्रम से आप क्या समझती / समझते हैं?

8. संप्रेषण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

9. रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार स्पष्ट कीजिए।

10. मूल स्वर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।